**Office of the: Chief Executive Officer (CEO)**
**Chhattisgarh State Skill Development Authority (CSSDA)**
*Nodal Department – Skill Development, Technical Education & Employment Deptt.*

CSSDA. Building, Old Police Head Quarter, Near Rajbhavan, Raipur (CG)–492006

क्रमांक/384/CSSDA / 2020 रायपुर दिनांक 04/06/20

प्रति,

1. नोडल अधिकारी (कौशल विकास)
   समस्त जिला, छत्तीसगढ़

2. सहायक संचालक
   जिला कौशल विकास प्राधिकरण
   समस्त जिला, छत्तीसगढ़

विषयः- मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदित संस्थाओं का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में पंजीकरण पुनः प्रारंभ करने के संबंध में।

-- 00 --

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वैश्विक महामारी नोबल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण एवं रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के अंतर्गत मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदित संस्थाओं का व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में पंजीयन की कार्यवाही स्थगित की गई थी।

आगामी एक से दो माह के भीतर कौशल प्रशिक्षण की कार्यवाही पुनः प्रारंभ होने की संभावनाओं को देखते हुए कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए इच्छुक आवेदित संस्थाओं का व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में नियमानुसार पंजीकरण की कार्यवाही प्रारंभ की जाये। इच्छुक आवेदित संस्थाओं के व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में पंजीयन की कार्यवाही के दौरान नोबल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण एवं रोकथाम के लिए समय-समय पर शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन अनिवार्य रूप से किया जाये।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण
छत्तीसगढ़

क्रमांक/389/CSSDA / 2020 रायपुर दिनांक 04/06/20

प्रतिलिपि

1. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास विभाग को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. कलेक्टर सह अध्यक्ष, समस्त जिला कौशल विकास प्राधिकरण को को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त जिला पंचायत, छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण
छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ शासन
कौशल विकास विभाग
:: मंत्रालय ::
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

क्रमांक/41/निस/स/सह./2020 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 03/06/20

प्रति,

समस्त कलेक्टर,
छत्तीसगढ़।

विषयः– रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में एक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता (प्रशिक्षण केन्द्र) के रूप में पंजीयन करने के संबंध में।

संदर्भः– प्रमुख सचिव, कौशल विकास विभाग का अर्द्धशा. पत्र क्रं. 24 दिनांक 02/06/2020

---

विदित ही है कि राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णयानुसार छात्रों को स्कूली शिक्षा के साथ–साथ रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाना है। उक्त निर्णय के परिपालन में जिले में उपलब्ध रोजगार की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय उद्योग/प्रतिष्ठान/फर्म/कंपनी के साथ चर्चा कर दो से तीन कोर्सेस चिन्हांकित करते हुए राज्य के प्रत्येक विकासखंड में शिक्षा विभाग द्वारा चयनित एक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था को छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के अंतर्गत व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता (प्रशिक्षण केन्द्र) के रूप में पंजीयन करना होगा।

2/ विद्यालय/औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के पंजीयन हेतु जिला नोडल अधिकारी (डिप्टी कलेक्टर) कौशल विकास, सहायक संचालक एवं जिला रोजगार अधिकारी पंजीयन हेतु सहयोग करेंगे। संपर्क हेतु मोबाइल नं. पत्र के साथ संलग्न है। पंजीयन हेतु आवश्यक मानदंड पूर्ण करना होगा। इस हेतु स्कूल शिक्षा विभाग/तकनीकी शिक्षा विभाग में उपलब्ध मद या डीएमएफ/सीएसआर मद का उपयोग किया जा सकता है।

अतः व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु पंजीयन का कार्य यथाशीघ्र करें, ताकि प्रशिक्षण इसी सत्र से प्रारंभ किया जा सके।

संलग्न– उपरोक्तानुसार

3/6

(प्रसन्ना आर.)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
कौशल विकास विभाग

क्रमांक/42/निस/स/सह./2020 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 03/06/20

प्रतिलिपिः–
1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, महानदी भवन, मंत्रालय।
2. सचिव, छ.ग. शासन, तकनीकी शिक्षा विभाग, महानदी भवन, मंत्रालय।
3. जिला नोडल अधिकारी, सहायक संचालक एवं जिला रोजगार अधिकारी – कृपया जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा विभाग एवं प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र से समन्वय कर, व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु पंजीयन करावें।

(प्रसन्ना आर.)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
कौशल विकास विभाग

| Districtwise_Skill Officers' Information | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| DIVISION | DISTRICT | AD_ Status | AD (Contractual)_ Name | AD Incharge | Designation |
| Surguja | BALRAMPUR | Yes | Sanjay Dwivedi | | |
| | JASHPUR | Yes | Prakash Yadav | | |
| | SURAJPUR | No | | M.R. Jaiswal | District Employment Officer |
| | KORIYA | No | | S.K. Bharvey | District Employment Officer |
| | SURGUJA | No | | Dr. Tanveer Ahmad | Veternary Doctor,Vet. Dept |
| Bilaspur | BILASPUR | No | | Amarchandra Pahre | District Employment Officer |
| | KORBA | No | | J.P. Khandey | District Employment Officer |
| | RAIGARH | No | | Namrata Dongre | Dy. Collector |
| | JANJGIR-CHAMPA | Yes | Mayank Shukla | | |
| | MUNGELI | No | | V. K. Kedia | District Employment Officer |
| Durg | BEMETARA | No | | Roshan Lal Verma | APO |
| | KAWARDHA | Yes | Aashish Deewan | | |
| | RAJNANDGAON | No | | Nitin Hirwani | Assistant Bolck Education Officer |
| | DURG | No | | Ramkumar Kurre | Deputy Director,Employment |
| | BALOD | Yes | Vikas Deshmukh | | |
| Raipur | BALODABAZAR | Yes | | Anil Kumar | APO |
| | RAIPUR | No | | Kedar Patel | District Employment Officer |
| | MAHASAMUND | Yes | Ashok Sahu | | |
| | DHAMTARI | Yes | Shailendra Gupta | | |
| | GARIYABAND | No | | K.N. Sahu | District Employment Officer |
| Bastar | KANKER | No | | B.R. Thakur | District Employment Officer |
| | KONDAGAON | No | | Pawan Kumar Netam | District Employment Officer |
| | NARAYANPUR | No | | Ramjeet Ram | District Employment Officer |
| | BASTAR | No | | Sharad Chandra Gaur | Principal, Education Dept |
| | DANTEWADA | No | | Harish Sinha | Assistant Bolck Education Officer |
| | BEEJAPUR | Yes | Gaurav Pandey | | |
| | SUKMA | No | | Rishikesh Sidar | District Employment Officer |
| Total - | | Yes (8), No (19) | | | Empl. Off.- 12 ; Other Dept. - 7 |

## Districtwise_Skill Officers' Information

| DIVISION | DISTRICT | Nodal Officers<br>Nodal Officer_DC | Nodal Officer_ Contact |
|---|---|---|---|
| Surguja | BALRAMPUR | Abhishek Gupta | 9165757092 |
| | JASHPUR | R N Pandey | 9826661129 |
| | SURAJPUR | Puspendra Sharma | 8462809927 |
| | KORIYA | G S Thakur | 9098429822 |
| | SURGUJA | Shri Aniket Sahu | 9893686864 |
| Bilaspur | BILASPUR | Shri Divya Agrawal | 8435980659 |
| | KORBA | Devendra Kumar Pradhan | 6260360570 |
| | RAIGARH | Namrata Dongre | 9617845121 |
| | JANJGIR-CHAMPA | Ram kripal | 7869252240 |
| | MUNGELI | Rajesh Nashine (Uper Col) | 7987930435 |
| Durg | BEMETARA | Rita Yadav | 9340554652 |
| | KAWARDHA | Anil Sidar | 9479089190 |
| | RAJNANDGAON | Mukesh Rawate | 9407929590 |
| | DURG | Dr. Jyoti Patel | 7389673744 |
| | BALOD | Bhupendra Agrawal | 7024094117 |
| Raipur | BALODABAZAR | Mithilesh Donge | 9425523514 |
| | RAIPUR | Punam Sharma | 9424234044 |
| | MAHASAMUND | Smt. Pooja | 8224890989 |
| | DHAMTARI | Jitendra Kurry | 9406352550 |
| | GARIYABAND | Nirbhay Kumar Sahu | 7000397268 |
| Bastar | KANKER | Uma Shankar Bandhey | 8435423968 |
| | KONDAGAON | B.R. Dhruw | 8718963027 |
| | NARAYANPUR | Vaibhav Kumar Kshetragya | 8889843903 |
| | BASTAR | Narendra Paikra | 7354972800 |
| | DANTEWADA | Miss Preeti Durgam | 6263150015 |
| | BEEJAPUR | Pradeep Kumar | 9407775757 |
| | SUKMA | Ravi Sahu | 9827882080 |

डॉ. आलोक शुक्ला भा.प्र.से.
प्रमुख सचिव

छत्तीसगढ़ शासन
कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर
दूरभाष: 0771–2221120 / 2510349
कक्ष क्रमांक : एस–3–24
अर्द्धशा0 पत्र क्रमांक 24
दिनांक 02/6/2020

विषय:–प्रदेश के विकासखंड स्तरीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आई.टी.आई के साथ समन्वय करके रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक शिक्षा दिये जाने के संबंध में ।

संदर्भ:– प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग का अर्द्धशासकीय पत्र दिनांक 22.05.2020

प्रिय कलेक्टर साहब,

कृपया स्कूल शिक्षा विभाग के उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में विकासखंड स्तर पर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आई.टी.आई. के साथ समन्वय स्थापित करके ऐसे व्यावसायिक पाठ्यकम संचालित किये जायें जिनसे रोजगार मिलने में सहूलियत हो । यह पाठ्यकम इसी शिक्षा सत्र से प्रारंभ किया जाना है। इसके लिये कृपया निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें :–

1. कृपया विकासखंड स्तर पर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं आई.टी. आई. प्राचार्यों की एक संयुक्त बैठक आयोजित करें, जिसमें विकासखंड के महत्वपूर्ण उद्योगों को भी आमंत्रित किया जाये। इस बैठक में कृपया इस बात का आंकलन कर लें कि वहां पर स्थानीय रूप से कौन से ट्रेड में प्रशिक्षण देने से रोजगार की अधिक संभावना है। प्रत्येक विकासखंड के लिये ऐसे 2 या 3 ट्रेड का चयन कर लें ।
2. कृपया बैठक के बाद विकासखंड मुख्यालय स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं आई.टी.आई. के भवनों का निरीक्षण करके इस बात का आंकलन करें कि आपने जो ट्रेड चयनित किये हैं उनके लिये स्कूल/आई.टी.आई. में पर्याप्त स्थान, प्रयोगशाला, उपकरण एवं मानव संसाधन उपलब्ध हों । यदि यह सब पर्याप्त रूप से उपलब्ध न हों तो कृपया कार्य योजना तैयार करें। इसके लिए आपको भवन के रिनोवेशन, लैब के रिनोवेशन अथवा अतिरिक्त निर्माण की आवश्यकता पड़ सकती है। इसी प्रकार चयनित ट्रेड के प्रशिक्षण के लिये आवश्यक उपकरण खरीदने की आवश्यकता भी पड़ सकती है। यदि चयनित ट्रेड के लिये उपयुक्त प्रशिक्षक वर्तमान में उपलब्ध न हो तो ऐसे प्रशिक्षकों की उपलब्धता स्थानीय रूप से संविदा आदि पर नियुक्त करके सुनिश्चित करने की आवश्यकता भी पड़ सकती है। इस संबंध में एक पूरी कार्ययोजना तैयार करें ।

Scanned with CamScanner

3. कार्ययोजना में इस बात का आंकलन करें कि आप इसके लिए आवश्यक धनराशि में से कितनी धनराशि जिला स्तर पर उपलब्ध डीएमएफ/सीएसआर अथवा अन्य मदों से व्यय कर पायेंगे । शेष के लिए कृपया राज्य शासन को यथाशीघ्र प्रस्ताव भेजे जिससे आपके प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान कर समय सीमा में समस्त कार्य पूरे कराये जा सके।

विस्तृत पाठ्यक्रम तैयार करने का कार्य एससीईआरटी एवं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है जिसके बारे में आपको पृथक से सूचित किया जाएगा । इस बीच उपरोक्त कार्य योजना को बनाकर उस पर तीव्र गति से कार्य किया जाना आवश्यक है।

निकट भविष्य में आयोजित की जाने वाली कलेक्टर कांफ्रेस में इस बिंदु को एजेंडा के महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में रखा गया है। अतः मेरी आपसे अपेक्षा है कि आप कलेक्टर कांफ्रेंस के पूर्व अपने जिले के सभी विकासखंडों के लिये कार्य योजनायें बनाकर भेज देंगे ताकि इन्हें कलेक्टर कांफ्रेंस के पूर्व माननीय मुख्यमंत्री जी के अवलोकन हेतु प्रस्तुत किया जा सके।

(डॉ. आलोक शुक्ला)

समस्त कलेक्टर
छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner